**NEWS CLIPPING: 19.04.2019**

**HINDUSTAN**

# फेस्टिवल में पहले दिन 25 फिल्मों की स्क्रिनिंग

फरीदाबाद| **कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में गुरुवार को दो दिवसीय 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का शुभारंभ हुआ। फेस्टिवल के पहले दिन मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018 ईशा गुलाटी, हरियाणवी-पंजाबी पॉप सिंगर एवं एक्टर सौरव पंडित और चाइल्ड आर्टिस्ट आन पाराशर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीप जलाकर फेस्टिवल का शुभारंभ किया।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी में ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का दीप जलाकर शुभारंभ करते गायक सौरभ पंडित व कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार। • हिन्दुस्तान

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने विभाग की गतिविधियों का ब्यौरा पेश किया। जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन की सहायक प्रोफेसर अमनदीप कौर ने बताया कि फेस्टिवल के लिए देशभर से फिल्म श्रेणी में शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, वॉक्स पॉप, कॉरपोरेट फिल्म के तहत आवेदन मांगे गए। इनमें से 25 प्रविष्टियों का चयन कर पहले दिन स्क्रिनिंग की गई। वहीं फोटोग्राफी में करीब 50 प्रविष्टियां मिली। स्ट्रीट, लैंडस्केप, इमोशन्स तथा वाइल्ड लाइफ की श्रेणी में इनकी प्रदर्शनी लगाई गई है। दोनों श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा दूसरे दिन की जाएगी। मौके पर विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'दर्पण' तथा जर्नलिज्म विभाग के न्यूजपेपर संचार के विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

**NEWS CLIPPING: 19.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# दो दिवसीय 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 शुरू

## फेस्टिवल में पहुंची मिसेज इंडिया युनिवर्स ईशा गुलाटी, विद्यार्थियों से साझे किये अनुभव

फरीदाबाद, 18 अप्रैल (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 आज शुरू हो गया। फेस्टिवल के पहले दिन मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018 ईशा गुलाटी, हरियाणवी-पंजाबी पॉप सिंगर एवं एक्टर सौरव पंडित और दुर्गा हिंदी फिल्म की स्टार कास्ट आन पाराशर फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण रहे, जोकि फेस्टिवल के दौरान प्राप्त हुई फिल्मों की स्क्रीनिंग के दौरान मुख्य जूरी के रूप में उपस्थित रहे। फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए मौजूद अन्य जूरी सदस्यों में कई लघु फिल्मों में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी एक्ट्रेस आन पराशर और निर्माता व निर्देशक चंदन मेहता भी उपस्थित थे। पहले दिन फेस्टिवल के दौरान प्राप्त हुई चुनिंदा 25 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. राज कुमार भी उपस्थित थे। फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने विभाग की गतिविधियों को ब्यौरा प्रस्तुत किया।



*'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का शुभारंभ करते हुए ईशा गुलाटी व अन्य।*

विद्यार्थियों से अपने अनुभव सांझा करते हुए ईशा गुलाटी ने बताया कि जब वे मिसेज इंडिया युनिवर्स प्रतियोगिता के लिए गई तो वह एक पांच साल के बच्चे की मां थी। चूंकि प्रतियोगिता मैरिड वुमैंस के लिए थी। यह एक सुनहरा अवसर था, जिसके लिए उसे घर से पूरा सहयोग मिला। ईशा ने कहा कि प्रतिभा हर किसी में हो सकती है लेकिन जब तक प्रतिभा को मंच न मिले तो यह बेकार है। यदि आप प्रतिभावान होने के साथ-साथ मेहनती भी है तो आपके लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। ईशा ने बताया कि जब वह 11वीं कक्षा में थी, तभी से मॉडलिंग असाइनमेंट तथा अलग-अलग प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है लेकिन साथ ही पढ़ाई को भी उतनी ही अहमियत दी है। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहत देते हुए ईशा ने कहा कि यदि आपने शिक्षा ली है तो आप हर जगह कामयाब है।

**NEWS CLIPPING: 19.04.2019**

**PUNJAB KESARI COM**

# दो दिवसीय इंटर कालेज बाक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित

**पलवल,**भगत सिह (पंजाब केसरी): फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए यूनिवस्र्टी परिसर में दो दिवसयी इंटर कालेज बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूनिवस्र्टी से एप्लाईटिड सभी कालेजों में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में पलवल के एडवांस कालेज का दबदबा रहा है। एडवांस कालेज ने तीन सिल्वर मैड़ल व एक कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया। एडवांस कालेज के छात्र बिजेंद्र, लोकेश व विक्रांत ने सिल्वर मैडल अपने नाम किया तो वहीं छात्र विकास ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर एडवांस कालेज के डायरेक्टर व फिजिकल एजुकेशन से डाक्टर मुकेश चौहान बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पंजाब केसरी Fri, mpap

**NEWS CLIPPING: 19.04.2019**

**DAINIK PIONEER**

# ऑप्टिक फिल्म फेस्टिवल शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 की शुरूवात की गई। फेस्टिवल के पहले दिन मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018 ईशा गुलाटी, हरियाणवी-पंजाबी पॉप सिंगर एवं एक्टर सौरव पंडित और दुर्गा हिंदी फिल्म की स्टार कास्ट आन पाराशर फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण रहे। वे फेस्टिवल के दौरान प्राप्त हुई फिल्मों की स्क्रीनिंग के दौरान मुख्य जूरी के रूप में उपस्थित थे।

पहले दिन फेस्टिवल के दौरान प्राप्त हुई चुनिंदा 25 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, शार्ट फिल्म निर्माता व निर्देशक चंदन मेहता, कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. राज कुमार भी उपस्थित थे। फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में



मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने विभाग की गतिविधियों को ब्यौरा प्रस्तुत किया। सभी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिक पत्रिका 'दर्पण' तथा जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विद्यार्थियों के समाचार पत्र संचार के विशेषांक का विमोचन भी किया गया। जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन की सहायक प्रोफेसर अमनदीप कौर ने बताया कि फेस्टिवल के लिए देश भर से फिल्म श्रेणी में शॉर्ट फिल्म, डॉक्युमेंटरी, वॉक्स पॉप, कॉर्पोरेट फिल्म तथा न्यूज पैकेज आमंत्रित किये गये थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.04.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल शुरू

D-J-19.04.2019

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 शुरू हुआ। पहले दिन मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018 ईशा गुलाटी, हरियाणवी पॉप सिंगर सौरव पंडित और दुर्गा हिंदी फिल्म की स्टार कास्ट आन पाराशर, निर्देशक चंदन मेहता फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण रहे, जोकि फेस्टिवल के दौरान प्राप्त हुई फिल्मों की स्क्रीनिंग के दौरान मुख्य जूरी के रूप में उपस्थित रहे।

फेस्टिवल का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चुनिंदा 25 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। कार्यवाहक कुलसचिव डॉ.राज कुमार ने इस आयोजन को उपयोगी बताया। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ.पूनम सिंघल ने विभाग की गतिविधियों को ब्यौरा प्रस्तुत किया।

जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन की सहायक प्रो.अमनदीप कौर ने बताया कि फेस्टिवल के लिए देशभर से 25 प्रविष्टियों का चयन फाइनल स्क्रीनिंग के लिए किया गया। समारोह में प्रदर्शित की गई फिल्मों में सर्जिकल स्ट्राइक के सबूतों को लेकर राजनीति पर कटाक्ष करती शॉर्ट फिल्म इंडियन आर्मी व महिला सशक्तिकरण पर आधारित शॉर्ट फिल्म डरपोक औरत, राजा नाहर सिंह भी प्रदर्शित की गई।



फेस्टिवल-2019 का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य • जागरण